हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 17 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

12 खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण में छात्रों को...



12 बस्तर ओलंपिक में कांकेर जिले ने किया...





## खबर संक्षेप

### कर्मचारी प्रकोष्ठ गठित कृपाराम बने अध्यक्ष



**दुर्गुकोंदल।** अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ दुर्गुकोंदल की बैठक करीमाड़ में हुई, जिसमें केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन किया गया। निर्वाचन अधिकारी आरके किशोरे व सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रधानपाठक जोगेन्द्र प्रसाद फरदिया की उपस्थिति ब्लाक इकाई दुर्गूकोंदल के कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन किया गया, जिसमें संरक्षक आरके किशोरे, कर्मचारी प्रकोष्ठ के ब्लाक अध्यक्ष कृपाराम बघेल , उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार गौर, उपाध्यक्ष राजिम नायक, महासभा प्रतिनिधि हंसाराम राना, शिवलाल बघेल, जोगेन्द्र प्रसाद फरदिया, सचिव संतलाल माहला, कोषाध्यक्ष दुखितराम खरे, सामाजिक अंकेक्षक बीरेन्द्र रावटे, सलाहकार भुनेश्वर राणा, सुंदरलाल चुरेन्द्र, दुर्योधन कोसमा, केन्द्रीय प्रतिनिधि परमेश गढ़िया को बनाया गया।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 57 निवासी 24 वर्षीय वासुदेव मंडल पिता सपन मंडल ने 14 दिसंबर की रात से 15 दिसंबर की सुबह साढ़े 11 बजें के बीच घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका ने आत्महत्या क्यों किया यह अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### निकाय चुनाव आरक्षण मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति

**कांकेर।** नगरपालिका परिषद (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) के तहत जिले के नगरीय निकायों के वार्डों का आरक्षण विहित प्राधिकारी कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 17 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। उक्त स्थल के लिए नायब तहसीलदार कांकेर अभिषेक देवांगन और नायब तहसीलदार सरोना मोहित साहू की ड्यूटी मजिस्ट्रेट अधिकारी के रूप में लगाई गई है।

### तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानसगान महोत्सव 24 से

**चारामा।** चारामा के ग्राम आंवरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जय रानी माँ युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से त्रि-दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य ▶▶| शेष पेज 10 पर

## निर्वाचन : कांकेर नगरपालिका के 2 वार्ड एससी, 4 वार्ड एसटी और 4 वार्ड ओबीसी के लिए होंगे आरक्षित

# नगरीय निकायों के वार्डों का आज आरक्षण, पार्षदों की बढ़ी धड़कनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय निकाय के चुनाव को लेकर नगरपालिका कांकेर, नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़

- नगरपालिका कांकेर के 21 वार्डों का आरक्षण 11 बजे से, 7 वार्ड महिलाओं के लिए होंगे आरक्षित
- नए समीकरण बनने की संभावनाओं पर रणनीति को लेकर हो रही चर्चा

और पखांजुर के वार्डो का आरक्षण आज सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुरू हो जाएगा। कई बार पार्षद रह चुके पार्षदों की धड़कने बढ़ गई है और कई दिनों से आरक्षण की चर्चाएं ही चारों ओर हो रही है। आरक्षण के बाद आज इस विषय पर विराम लग जाएगा वहीं आरक्षण के बाद नए समीकरण बनना शुरू हो जाएगा और पार्षद के दावेदार आज से ही वार्डो में सक्रिय नजर आने लगेंगे। जानकारी के अनुसार जिले की एक नगरपालिका व चार नगर पंचायत के वार्डो का आरक्षण आज 17 दिसंबर को होना है, उसके लिए सभी नगरीय निकायों के सीएमओ 16 दिसंबर को प्रशासन के साथ मिलकर तैयारी करते हुए नजर आएं। नगर पालिका कांकेर के सबसे संवेदनशील वार्ड मांझापारा, सुभाषवार्ड, संजय नगर वार्ड, महादेव वार्ड, शीतलापारा वार्ड, एमजी वार्ड, शांतिनगर वार्ड और राजापारा वार्ड है, जिसमें कई लोगों की निगाहें टिकी हुई है।




### कांकेर नगर पालिका के 2 वार्ड एससी के लिए

2019 में आरक्षण 2011 की जनसंख्या के आधार पर किया गया था और उसी के आधार पर इस बार भी आरक्षण होने की संभावना है। इसके तहत कांकेर नगर पालिका के दो वार्ड एससी के लिए आरक्षित होंगे। 2011 की जनसंख्या के अनुसार सुभाष वार्ड और जनकपुर वार्ड की जनसंख्या अधिक है। 2019 में सुभाष वार्ड महिला के आरक्षित था, इस बार जनकपुर वार्ड महिला के आरक्षित हो सकता है।

### कांकेर नगरपालिका के 4 वार्ड एसटी के लिए

कांकेर नगर पालिका के 4 वार्ड अलबेलापारा, माहुरबंदपारा, एमजी वार्ड और बरदेभाटा वार्ड में 2011 की जनसंख्या के आधार पर एसटी वर्ग अधिक है। इसलिए यह 4 वार्ड एसटी के लिए आरक्षित हो सकते है। इसमें 2019 अलबेलापारा महिला के लिए आरक्षित था, इसलिए यह वार्ड मुक्त हो जाएगा। चक्रीय क्रम के अनुसार एमजी वार्ड एक बार महिला के लिए आरक्षित रह चुका है, यह भी वार्ड महिला के लिए मुक्त हो जाएगा। माहुरबंदपारा और बरदेभाटा वार्ड में लाटरी निकालकर एक वार्ड महिला के लिए आरक्षित हो सकता है।

### कांकेर नगरपालिका के 4 वार्ड ओबीसी के लिए

2019 के चुनाव में शिवनगर, श्रीराम नगर, भंडारीपारा, महादेव वार्ड और शांतिनगर को ओबीसी के लिए आरक्षित किया गया था। इन वार्डों को अब अनारक्षित में लिया जाएगा, बचें 10 वार्ड उदयनगर, जवाहर वार्ड, संजय नगर, आमापारा, शीतलापारा, मांझापारा, अन्नपूर्णापारा, कंकालिनपारा वार्ड, अघन नगर और राजापारा वार्ड में 4 वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित किए जाएंगे। चक्रानुक्रम का प्रयोग करते हुए इन 10 वार्डो में से 4 वार्ड ओबीसी के लिए चयन किया जाएगा। 4 वार्ड ओबीसी के लिए चयन होने के उपरांत चक्रीय अनुक्रम का उपयोग करते हुए महिला के लिए 1 वार्ड आरक्षित करने लाटरी निकाली जाएगी।

### नगरपालिका के बाद नगर पंचायत का होगा आरक्षण

2019 की तरह नगर पालिका कांकेर के 21 वार्डो का आरक्षण हो जाने के बाद दोपहर 2 बजे से नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर के वार्डो का आरक्षण प्रारंभ किया जाएगा। प्रत्येक नगर पंचायत में 15-15 वार्ड है, वार्ड वार आरक्षण किया जाएगा। पार्षद के दूसरी बार जो दावेदार है, उनकी धड़कने बढ़ना प्रारंभ हो गई है। कई पार्षदों का लगातार पतासाजी कर रहे है कि कौन सा वार्ड क्या होगा, परंतु सटीक उत्तर नहीं मिल पा रहा है और सभी असमंजस की स्थिति में है। आरक्षण के बाद कई पार्षदों की राजनीति की दिशा भी तय होगी।

## ट्रक ड्राइवर से बाइक चालक ने की मारपीट जान से मारने दी धमकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ थाना अंतर्गत कलगांव के पास ट्रक ड्राइवर के साथ बाईक चालक ने दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे कोण्डागांव जिला के लाटापारा बड़डोगर निवासी 35 वर्षीय सुरेन्द्र कुमार बघेल पिता पिसाडुराम ने पुलिस को बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9620 में ड्रायवरी का काम करता हूं। उक्त ट्रक को लेकर 15 दिसंबर को छोटेडोंगर से आयरन पत्थर लोड करके रायपुर जा रहा था। रात करीबन साढ़े 7 बजें कलगांव के पास पहुंचा था कि मेरे ट्रक के पीछे से एक मोटर सायकल वाला आया और मेरे ट्रक के सामने अपनी मोटर सायकल को खड़े कर दिया। गाली देते हुए बोलने लगा कि तु मुझे साईड नही दिया। मुझे गाड़ी से नीचे उतरने बोला, मै नीचे नही उतरा तो मेरा हाथ पकड़कर खींच के नीचे उतारा, जिससे मेरे बांए हाथ में मोच आया। मुझे नीचे उतारकर हाथ थप्पड़ से मारपीट करते हुए गाली दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए बोला कि मै भी ड्रायवरी का काम करता हूं। मै ढुट्टापिपली का रहने वाला श्याम सिंह ध्रुव हूं। तब उसके मोटर सायकल वाहन ▶▶| शेष पेज 10 पर




## रोको टोको अभियान के तहत पुलिस लगातार कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा पुलिस रोको टोको अभियान के तहत नए लोगों की जाँच कर रही है, वहीं ग्रामीण ईलाकों में ग्रामीणों को समझाईश दिया जा रहा है कि फेरी वालों को मकान किराए पर देने के पहले उसकी संपूर्ण जानकारी पुलिस को जरूर दें। पुलिस लगातार ग्रामीण ईलाकों की जाँच कर रही है।

लखनपुरी के औद्योगिक क्षेत्र में बन रहे राईस मिल में कार्य कर रहे लोगों को आधार कार्ड चेक किया गया, जो अन्य प्रांत से आकर काम करना पाए जाने पर संबंधित स्थानों के उक्त मजदूरों के संबंध में क्षेत्राधिकार थाना से चरित्रावली की जानकारी लिया जा रहा है। उक्त व्यक्तियों के संदिग्ध गतिविधियों पर संलिप्त पाए जाने पर वैधानिक कानूनी कार्यवाही किया जाएगा, अन्य निर्माणाधीन राईस मिलर्स मालिकों को नोटिस देकर मजदूरों का आधार कार्ड , 02 पासपोर्ट साईज का फोटो थाना में जमा करने हिदायत दिया गया है। चारामा पुलिस द्वारा लोगो को जागरूकता लाने के लिए रोको टोको अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत ग्राम में बाहर से आकर कपड़ा, बर्तन व प्लास्टिक का सामान बेचने वालों फेरी वालों को उनसे पूछताछ कर उनका नाम पता नोट कर आधार कार्ड चेक किया जा रहा है। रोको टोको अभियान के तहत ग्राम के लोगों से बाहरी लोगो को ग्राम में आने पर उनके बारे में पूरी जानकारी लेने समझाईश दिया गया। ग्राम में कोई भी बाहरी व्यक्ति को रूकने नही देने बताया गया ,साथ ही अपील किया गया है कि यदि किसी बाहरी व्यक्ति को किराए पर मकान दिया जाता है तो पहले उसकी सूचना पुलिस को देंवे, उनके बारे में पूरी जानकारी फार्म में भरकर थाना में जमा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पटवारियों ने आनलाइन कार्यों का किया बहिष्कार एवं सरकारी ग्रुप से तोड़ा नाता






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के पटवारियों ने आनलाईन कार्यो का बहिष्कार करते हुए तहसील के बने ग्रुप से नाता तोड़ लिया और इस सबंध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। पटवारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पूर्व में दिए गए ज्ञापन के तहत यह निर्णय प्रांत स्तर पर लिया गया है।

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रान्तीय अव्हान पर जिले के सभी तहसीलके पटवारी आनलाईन कार्यो का पूर्णतः बहिष्कार करने पूर्व में दिए ज्ञापन के आधार पर 16 दिसंबर से पूर्ण बहिष्कार कर दिया गया है। इसके साथ ही साथ सभी शासकीय वाटसाप ग्रुप से लेफ्ट हो गए हैं। पटवारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रदेश के पटवारी पिछले 10 वर्ष से साधन संसाधन की मांग करते आ रहे। कई बार हड़तालकरते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक मांगे पूरी नही हो पाने कि वजह से यह कदमउठाया गया है। राजस्व विभाग का पूरा काम आनलाईन हो गया है, लेकिन आज तक हमेशा शासन के द्वारा आश्वासन के सिवाय किसी भी प्रकार का कोई भी संसाधन शासन की ओर से प्रदाय नही किया गया है, जिससे व्यथित होकर पटवारियो के द्वारा यह बहिष्कार किया जा रहा है। कलेक्टर के नाम पर दिए गए ज्ञापन में बताया कि हम लोगों ने 9 दिसंबर को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाने तक काली पट्टी लगाकर कार्य किया।12 दिसंबर को प्रदेश के सभी पटवारी अपने-अपने जिला मुख्यालय में विरोध स्वरूप काले ड्रेस कोड में अपने-अपने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा था तथा संसाधन उपलब्ध न कराए जाने तक प्रत्येक सोमवार को काले कपड़े धारण करके शासकीय कार्यों का निर्वहन किया। इसके बाद भी सुनवाई नहीं होने पर सभी पटवारियों ने शासकीय व्हाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार करते हुए ग्रुप से लेफ्ट हो गए। जिला व तहसीलस्तर पर पटवारियों ने इस ▶▶| शेष पेज 10 पर



## ओडापानी नाले के पास ट्रक और बस की आमने-सामने भिड़ंत में कई सवारी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुधावा

- बस चालक की लापरवाही से हुआ हादसा और बस पलट गई

केशकाल से कांकेर के डायवर्ट मार्ग में साईमुंडा ओडापानी नाला के पास सोमवार 16 दिसंबर को दोपहर साढ़े 3 बजे सवारी से भरी बस और ट्रक से आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें बस पलट गई। बस में सवार लगभग 30 सवारी में कई सवारी घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बासनवाही एवं सारवण्डी में ले जाया। गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार सवारी बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0268 जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही थी वहीं ट्रक क्रमांक सीजी 18 के 2236 कांकेर से केशकाल की ओर जा रहा था। केशकाल घाट निर्माणाधीन होने के चलते केशकाल से मार्ग को डायवर्ट किया गया,इसीलिए सवारी बस आ रही थी। सोमवार 16 दिसंबर को दोपहर को साढ़े 3 बजे के आसपास दुधावा चौकी अंतर्गत साईमुंडा के पास ओड़ापानी नाला के पास आमने सामने सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस पलट गई, बस की स्पीड अधिक होने के कारण बस चालक बस को नियत्रिंत नहीं कर पाया, जिसके चलते बस पलट गई। बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में बैठे यात्रियों में अफरा तफरी मच गई, इस घटना में बस के परिचालक के सिर, हाथ व पैर में चोट लगी है, वहीं अन्य कई लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगो की मदद से घायलों को बासनवाही व सारवंडी के अस्तपताल पहुंचाया गया, वहीं गंभीर रूप से घायलों को प्राइवेट वाहनों की मदद से जिला अस्पताल पहुँचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही दुधावा पुलिस मौके पर पहुंची और अवरूद्व मार्ग को बहाल करवाने का प्रयास किया। पुलिस के पहुँचने के पहले घायलों को अस्पताल भेजा जा चुका था। यात्रियों की मानें तो इस घटना में बस चालक की लापरवाही थी, क्योकि आड़ापानी नाला के टर्निंग में बस चालक अचानक ट्रक को देखकर बस को नियंत्रित नहीं कर पाया और यह हादसा हो गया।

## वनाधिकार पर एक दिनी हुई कार्यशाला

**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर के ग्राम साल्हेभाट में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्यों व गाँव के प्रमुखों को गाँव के पारम्परिक सीमा के अंदर के वन संसाधनों के प्रबंधन पर केंद्रित करते हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। गौरतलब है कि ग्राम साल्हेभाट को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावा प्राप्त है, जिसके तहत गाँव के लोग अपने प्राकृतिक संसाधनों का सरक्षण, संवर्धन व प्रबंधन कर सकते हैं। सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति व ग्राम सभा के विभिन्न दायित्वों पर प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में ग्राम गायता मनीराम कोरेटी, ग्राम सभा अध्यक्ष संतोष उसेण्डी, विकास कांगे, लखन कोरेटी, श्याम कोरेटी, मांदरी सरपंच दसरथ कोरेटी तथा महिला पुरुष उपस्थित रहे।



## एकलव्य में प्रवेश का अवसर अब 31 तक

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि में संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन वेबसाइट के माध्यम से अब 31 दिसंबर तक आवेदन करने का मौका दिया गया है। इसी प्रकार भरे गए ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 01 से 08 जनवरी तथा प्रवेश चयन परीक्षा 16 फरवरी दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा।

## धान खरीदी बंद होने से केवटी के किसानों ने किया चक्काजाम



**भानुप्रतापपुर।** धान खरीदी केंद्रों में समस्याएं खत्म होने का नाम नही ले रही है, प्रतिदिन एक न एक समस्या खड़े होते जा रही है। कंप्यूटर आपरेटर के हड़ताल में जाने से सोमवार 16 दिसंबर से धान खरीदी बंद हो गई, जिसके चलते केवटी के किसानों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। धान खरीदी केंद्रो में धन बेंचने पहुँचे किसानों को धान खरीदी कार्य बंद होने से किसानो को मायूस होकर वापिस लौटना पड़ रहा था, जिससे उनके द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था और ज्ञापन में चक्काजाम की चेतावनी दी गई थी, परंतु प्रशासन द्वारा आज पर्यंत तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया। अब भी धान खरीदी केंद्र से धान का उठाव नही होने के कारण खरीदी केंद्र में जगह नही है। हमालों के उपस्थित नही होने से प्रभारी द्वारा धान खरीदी कार्य प्रारंभ नही किया गया, जिससे धान ▶▶| शेष पेज 10 पर

### देर शाम जारी हुआ आदेश, स्थगित करने का कारण नहीं स्पष्ट

# गांव सरकार के लिए 17 और 19 को निर्धारित आरक्षण प्रक्रिया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गाँव की सरकार बनाने के लिए 17 दिसंबर को जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के लिए आरक्षण जनपद पंचायत में होगा वहीं जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य के लिए आरक्षण 19 दिसंबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में होना था, जिसकी पूरी तैयारी हो गई थी, परंतु 16 दिसंबर को देर शाम अधिकारियों ने बताया कि पंचायत के आरक्षण की प्रकिया को स्थगित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कांकेर और जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत के सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच और ग्राम पंचायत के पंच पद के आरक्षण जनपद पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में एसडीएम कांकेर की उपस्थिति में, जनपद पंचायत चारामा के जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का आरक्षण जनपद पंचायत चारामा के सभाकक्ष में एसडीएम चारामा की उपस्थिति में, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर और जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत के सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच और ग्राम पंचायत के पंच पद के लिए आरक्षण जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के सभाकक्ष में एसडीएम भानुप्रतापपुर की उपस्थिति में, जनपद पंचायत अंतागढ़ के जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पदों का आरक्षण जनपद पंचायत अंतागढ़ के सभाकक्ष में एसडीएम अंतागढ़ की उपस्थिति में और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पदों का आरक्षण जनपद पंचायत लिंक कार्यालय पखांजुर के सभाकक्ष में एसडीएम पखांजुर की उपस्थिति में 17 दिसंबर सोमवार की सुबह 10 बजे से प्रारंभ होना था, परंतु देर शाम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव तारण प्रकाश सिन्हा ने आदेश जारी किया है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के आरक्षण की प्रकिया कार्यवाही के लिए समय सारणी जारी की गई थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त कार्यवाही को स्थगिति किया जाता है। अनारक्षित वर्ग से जनपद सदस्य व पंच के लिए चुनाव लड़ने वालें सक्रिय नजर आएं और आपत्ति लगाते हुए भी दिखे। आरक्षण को लेकर कई दावेदारों में उत्साह था, परंतु यह आदेश की जानकारी मिलने के बाद सभी दावेदारों का उत्साह ठंडा हो जाएगा। यह किसी के समझ में नहीं आ रहा है कि निर्धारित तिथि के एक दिन पहले इस प्रकार के आदेश को करने की क्या जरूरत पड़ गई। एक से दो दिन बाद ही इसकी सही तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी।




## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### जिले में धान उठाव की प्रक्रिया जारी 10 हजार मीट्रिक टन का हुआ उठाव

कोण्डागांव। खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 अंतर्गत जिले में धान खरीदी कार्य सुगमता के साथ जारी है। जिले में धान उठाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिले में सुचारू रूप से धान उठाव के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 67 धान उपार्जन केंद्र में अब तक 01 लाख 20 हजार 226 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जारी डीओ और टीओ के विरुद्ध अब तक लगभग 10 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। अब तक कुल 24 राइस मिलर्स ने अपना पंजीयन कराया है।

### नगरपालिका आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के तहत नगरपालिका आम निर्वाचन 2024–25 संपन्न कराये जाने हेतु कोण्डागांव जिला अंतर्गत आने वाले नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव के 22 वार्ड, नगर पंचायत फरसगांव के 15 वार्ड एवं नगर पंचायत केशकाल के 15 वार्ड के निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव, फरसगांव व केशकाल, नगर पंचायत फरसगांव व केशकाल एवं नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव कार्यालय में जनसाधारण के अवलोकन हेतु किया गया है। संबंधित क्षेत्र के मतदाता कार्यालय में उपस्थित होकर अपने वार्ड के मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

### त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के तहत त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024–25 संपन्न कराये जाने हेतु कोण्डागांव जिला अंतर्गत आने वाले समस्त जनपद पंचायत कोण्डागांव, फरसगांव, माकड़ी, केशकाल और बड़ेराजपुर के निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 13 दिसंबर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव, फरसगांव व केशकाल, नगर पंचायत फरसगांव व केशकाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोण्डागांव, फरसगांव, माकड़ी, केशकाल और बड़ेराजपुर के कार्यालय में जन साधारण के अवलोकन के लिए किया गया है। मतदाता संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपने ग्राम के मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

# पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षकों की विशेष कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के माकड़ी आकांक्षी ब्लॉक में जनपद पंचायत सभागार में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चिन्हित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों और 35 प्राथमिक शालाओं के प्रधानपाठक व शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाने के लिए ग्राम पंचायत, समुदाय और शिक्षकों के बीच सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना था। इस पहल में पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण सत्र में शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए रणनीतियां, कार्यशाला में स्कूल मैनेजमेंट कमिटी और बिल्डिंग ऐज लर्निंग ऐड और लाइब्रेरी व टीचर्स लीड 100 दिवसीय लर्निंग प्रोग्राम जैसे शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को एल.एस.डी.जी. की 9 प्रमुख थीमों पर प्रशिक्षण दिया गया। जिससे ग्राम पंचायतों में प्राथमिक शिक्षा सुधार योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। प्रतिभागियों ने शिक्षा सुधार के लिए समुदाय की भागीदारी और बच्चों के समग्र विकास के लिए सामूहिक योजनाएं तैयार की। प्रतिभागियों ने प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा व्यवस्था को सु–ढ़ बनाने के लिए बेहतर समन्वय और ठोस कार्ययोजनाओं को अपनाने पर बल दिया।

**प्राथमिक शिक्षा गुणवत्ता सुधार को लेकर हुई**



#### शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाएंगे

कार्यशाला का आयोजन पिरामल फाउंडेशन एस्पिरेशनल भारत कोलैबोरेटिव टीम के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में जनपद सीईओ गजेंद्र ध्रुव, आकांक्षी ब्लॉक फेलो, पिरामल फाउंडेशन की टीम केगांधी फेलो मो. फवास, प्रोग्राम लीडर ऋचा गुप्ता और प्रदीप राव डिस्ट्रिक्ट लीड ने प्रशिक्षण दिया। यह कार्यशाला पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और समुदाय के सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जो आकांक्षी ब्लॉक से महत्वाकांक्षी की और लेकर जाएगी।

**आयोजन : संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का केंद्रीय गृहमंत्री की उपस्थिति में समापन**

# कोण्डागांव ने बस्तर ओलंपिक में जीते 37 पदक, गृहमंत्री शाह ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का समापन 15 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भव्यता के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल खेल के क्षेत्र में बस्तर के प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का महत्वपूर्ण प्रयास रहा। ओलंपिक में कोण्डागांव जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 37 जीते जिसमें पदक 9 स्वर्ण, 17 रजत और 11 कांस्य शामिल है। इस प्रतियोगिता में कोण्डागांव से कुल 320 खिलाड़ी और 57 अधिकारी शामिल रहे।

- 9 स्वर्ण, 17 रजत और 11 कांस्य पदक जिले के खिलाड़ियों ने किए हासिल

#### विजेता खिलाड़ियों को मिलेगा राशि

ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार द्वारा नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। व्यक्तिगत खेलों के प्रथम स्थान हासिल करने वाले विजेता खिलाड़ियों को 5 हजार, 3 हजार और 2 हजार रुपए दिया जाएगा। टीम खेलों के लिए 10 हजार, 6 हजार और 4 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।



#### बस्तर यूथ आइकॉन बने रंजू सोरी

कोण्डागांव के तीरंदाज रंजू सोरी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बस्तर यूथ आइकॉन घोषित किया गया। उन्हें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विशेष रूप से सम्मानित किया। श्री शाह ने कहा, रंजू जैसे खिलाड़ी क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनका योगदान छत्तीसगढ़ के खेल जगत को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित इस ओलंपिक का उद्देश्य युवाओं को खेल और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना था। श्री साय ने कहा बस्तर ओलंपिक ने यह साबित कर दिया है कि क्षेत्र के युवाओं में न केवल खेल प्रतिभा की प्रचुरता है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान को भी विश्व स्तर पर ले जाने का सामर्थ्य है।



# जनदर्शन में दिव्यांगजनों को मिली त्वरित सहायता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कई जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल रही है। इसी क्रम में आज जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत के संवेदनशीलता से फरसगांव नगर पंचायत के झुलनाडिही निवासी दिव्यांग जयसिंह नेताम और श्रीमती सामबती को त्वरित राहत मिली।

जनदर्शन में पहुंचे जयसिंह नेताम ने बताया कि वर्ष 2017 में ब्रेन ट्यूमर के कारण उनकी दोनों आंखों की रोशनी चली गई है।

#### दिव्यांग महिला को मिली छड़ी

ग्राम मोहलई से जनदर्शन में पहुंची दिव्यांग महिला श्रीमती सामबती राठौर ने चलने–फिरने में परेशानी और आवास की जरूरत को लेकर आवेदन दिया। कलेक्टर के निर्देश पर उन्हें समाज कल्याण विभाग से छड़ी प्रदान की गई और आवास उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत को निर्देशित किया गया। जनदर्शन में कोण्डागांव निवासी श्रीमती गीता निषाद ने राशन कार्ड, गोपाल दहिया ने कृषि भूमि में रास्ते की समस्या और बाल गृह बालिका के स्टाफ ने केंद्र के यथावत संचालन और मानदेय से जुड़ी मांग सहित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए।

# घायल की मौत के बाद आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज




कांकेर। कांकेर थानांतर्गत मनकेशरी चौक बायपास रोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर करीबन पांच माह पहले सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिला अस्पताल से हारय सेंटर रिफर किया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक भण्डारीपारा कांकेर निवासी 21 वर्षीय नरेंद्र कुमार यादव पिता राकेश यादव 29 जुलाई की रात वाहन क्रमांक सीजी 04 डीजे 6417 में सवार होकर अपने दोस्त के पास ग्राम मनकेशरी जा रहा था। रात करीबन साढ़े 10 बजे ग्राम मनकेशरी चौक बायपास मेन रोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 एन 9043 के चालक द्वारा अपने मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक व उतावलेपन से चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक के हाथ, पैर , सीना एवं सीर में चोट लगा था। घायल होने से मृतक को 108 वाहन की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया। उचित ईलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया, जहां उसकी 31 जुलाई को सुबह 4 बजें मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# यादव समाज ने गोवर्धन पूजा उत्सव पर निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा/केशकाल



विकासखण्ड केशकाल के ग्राम धनोरा में 15 दिसंबर को कृष्णा मन्दिर परिसर में सर्व यादव समाज द्वारा गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया है। इस अवसर पर यादव समाज प्रमुखों द्वारा उपस्थित लोगों को समाज के विकास व मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किए गए हैं। इस अवसर पर सभी लोगों ने गोपाष्टमी पर गोवर्धन पूजा अर्चना व किचड़ी प्रसाद गौ माता पूजा अर्चना उपरांत वितरित किया गया। सभी के सहयोग से कार्यक्रम स्थल से राधा कृष्ण, बलराम की भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में रमेश यादव व अन्य समाज प्रमुखों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास घेराव को लेकर हल्लाबोल पोस्टर का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल



युवा कांग्रेस जिला कोण्डागांव द्वारा मुख्यमंत्री निवास घेराव को लेकर हल्ला बोल पोस्टर का विमोचन युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग के नेतृत्व में किया गया। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रभारी शेषनारायण ओझा व प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर आज उक्त आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिताम्बर नाग ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने एक वर्ष पूर्ण हो गया है। यह एक बेहद ही कठिनाइयों व अव्यवस्थाओं बढ़ते अपराध बढ़ते नशे के व्यापार धान खरीदी समर्थन मूल्य की वादा खिलाफी बारदाना की कमियों से परिपूर्ण है और रहा है। इस कुशासन के एक वर्ष पूर्व होने पर सरकार की विफलताओं को उजकार करने हेतु छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस है। प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला युवा कांग्रेस और विधानसभा युवा कांग्रेस के द्वारा विगत दिनों से जिले के समस्त तहसील कार्यालय का घेराव और ज्ञापन दिया गया था। अब इस कार्यक्रमों को एक वृहद स्वरूप देने हेतु आगामी 23 दिसम्बर को युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्उदय भानु चिब जी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ के द्वारा मुख्यमंत्री निवास घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कोण्डागाँव जिले के युवा साथी अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर मुख्यमंत्री निवास घेराव में सम्लित होंगे। कार्यक्रम में पिताम्बर नाग जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कोण्डागाँव, संजय मरकाम विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस केशकाल, पप्पू मण्डावी जिला अध्यक्ष एनएसयूआई कोण्डागाँव, हरि मंडावी प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ, राकेश कुंजाम, मेहरोज खत्री, हासम मेमन, आकाश माण्डवी, पहाड़ सिंह यादव, दिनेश नेताम,दयाशंकर मरकाम और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में राज्य का तेज गति से हो रहा विकास**

# विधायक उसेंडी ने राज्य सरकार के एक वर्ष की बताईं उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक साल पूरे होने के अवसर पर जनादेश परब कार्यक्रम के अंतर्गत आज बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता हुई। जिसमें शासन के एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित दीपेश अरोरा, नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी और एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर उपस्थित रहे।

- जनादेश परब कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेसवार्ता

विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने सबसे पहले छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में राज्य का तेज गति से विकास हो रहा है। सुश्री उसेण्डी ने कहा कि एक वर्ष में जिले के विकास कार्यों में भी गति आई है और हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। कोण्डागांव में ग्राम चौड़ग से चलका मार्ग में पुलि पुलिया निर्माण के लिए 07 करोड़ 18 लाख तीन हजार रूपए, ग्राम मालाकोट बड़ेपारा से ग्राम किबईबालेंगा मार्ग पुल पुलिया निर्माण के लिए 06 करोड़ सड़सठ लाख 57 हजार रूपए, ग्राम नेवता से ग्राम जुनापानी मार्ग में 05 करोड़ 62 लाख लाख छह हजार रूपए, ग्राम बड़ेबेन्दरी से शंकर नगर मार्ग में 03 करोड़ 95 लाख 85 हजार रूपए के और माकड़ी विकासखण्ड अंतर्गत उदेंगा से काटागांव मार्ग में 02 करोड़ 43 हजार 59 लाख रूपए के पुल पुलिया निर्माण का कार्य जारी है।

#### सुशासन में संवर रहा कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में कोण्डागांव जिला भी संवर रहा है। एक वर्ष में जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी विस्तार हुआ है। जिले में टेली रिपोर्टिंग के माध्यम से सीटी स्केन की सुविधा प्रारंभ हो गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में विस्तार करते हुए 6 नई एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। महतारी वंदन योजना के तहत 01 लाख 39 हजार 28 महिलाओं को लाभ मिल रहा है और उनके खाते में हर महीने एक हजार रूपए की राशि जमा हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक वर्ष में 06 हजार 264 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 1836 आवास पूर्ण हो गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले को कुल 22 हजार 808 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिनमें 16 हजार 564 आवास स्वीकृत कर प्रथम किश्त जारी किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र के चिपावण्ड, कुम्हारपारा, एरला और शामपुर में महतारी सदन स्वीकृत हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत जिले के 61 हजार 222 किसानों को लाभ मिल रहा है। कोण्डागांव नगर पालिका क्षेत्र में कोपाबेड़ा तालाब सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य के लिए 03.61 करोड़ और बंधा तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 1.50 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं।

## पेज 9 के शेष

#### ट्रक ड्राइवर से...

क्रमांक सीजी 19 बीयू 2189 को साईड किया। थाना चलो कहकर धमकाने लगा फिर ट्रक को श्याम सिंह ध्रुव खुद चलाया और मै उसके मोटर सायकल चलाते हुए दोनो थाना अंतागढ़ आए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 126 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

#### तीन दिवसीय राज्य...

संगीतमय मानसगान महोत्सव का आयोजन 24 से 26 दिसंबर तक किया जाएगा। महोत्सव की पूर्व संध्या पर 23 दिसंबर को रात 8 बजे से जय गुरुदेव हरि कीर्तन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसका संचालन संतराम शरण महाराज करेंगे। महोत्सव में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए ख्यातिप्राप्त 15 मानस परिवार अपनी प्रस्तुति देंगे। समिति के संरक्षक डोमार साहू ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य राज्य की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देना है।

#### रोको टोको अभियान...

करने समझाईश दिया गया एवं कोई संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर थाना चारामा के फोन नंबर 9479194110 तथा पुलिस कंट्रोल रूम 9479194199 पर जानकारी जरूर देंवे।

#### पटवारियों ने आनलाइन...

कदम को उठाया है और इसके चलते हडकंप मच गया है। पटवारियों ने ग्रुप से हटकर नारेबाजी करते हुए आनलाईन का बहिष्कार करते नजर आए।

#### धान खरीदी बंद...

खरीदी केंद्र के सामने किसानो द्वारा अपने वाहनों को लगाकर भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ के मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर आवागमन को बाधित कर दिया गया। काफी देर तक यात्रीगण फंसे रहे और परेशान होते रहे। चक्काजाम को बड़ी मशक्कत के बाद उच्च अधिकारियों के मनाने के बाद मार्ग को खुलवाया गया । ऑपरेटर के हड़ताल के खत्म होने के बाद लग रहा था, कि अब सुचारू रूप से खरीदी चालू हो जाएगी, पर ऐसा नहीं हुआ। धान का उठाव नही होने के कारण जगह की कमी को देखते हुए खरीदी कार्य बंद कर दिया गया और खरीदी केंद्र में ताला लगा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### लाईवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला 19 को

**जगदलपुर।** लाईवलीहुड कॉलेज आड़वाल में 19 दिसंबर को इवेन कार्गो संस्था एवं एलआईसी द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। मेले में केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर हेतु आमंत्रित किया जाता है। इवेन कार्गो संस्था हेतु उम्मीदवार के पास स्वयं का दुपहिया वाहन होना आवश्यक होगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक और अनुभव संबंधी दस्तावेज के साथ लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में निर्धारित तिथि को सुबह 10:30 बजे उपस्थित हो सकते है। साथ ही टैक्सी ड्राईवर और असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन के निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन जमा कर सकते है।

### जिपं सदस्य, जनपद पंचायत का आरक्षण 17 व 19 को

**जगदलपुर।** त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2024-25 हेतु जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष-सदस्य की आरक्षण एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन-आरक्षण की कार्यवाही पूर्ण करने 19 दिसम्बर को कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में समय प्रातः 11 बजे से एवं ग्राम पंचायतों के वार्डो के आरक्षण एवं ग्राम पंचायत के सरपंच-पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन-आरक्षण की कार्यवाही पूर्ण करने की कार्यवाही 17 दिसंबर को संबंधित जनपद पंचायत के सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से चक्रानुक्रम एवं लॉट के माध्यम से आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी।

### नगर पालिका का आरक्षण 19 को

**दंतेवाड़ा।** नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु जिले के अन्तर्गत आने वाले नगरीय निकाय क्षेत्रों के वार्डों का आरक्षण 19 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय भवन के तृतीय तल में स्थित डंकनी सभाकक्ष में किया जावेगा। इसके अनुसार नगरीय निकाय क्षेत्र नगर पालिका परिषद किरंदुल, नगर पालिका परिषद बड़े बचेली, नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा नगर पंचायत गीदम, नगर पंचायत बारसूर नगरीय निकायों के वार्डों का आरक्षण कार्य का सम्पादन होगा।

## आंदोलन : तीन सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठीं एक हजार मितानिनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



स्वास्थ्य सेवा के काम से जुड़ी मितानिन सोमवार से 3 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गई हैं। निकाय चुनाव से पहले मितानिनों के हड़ताल पर चले जाने से जिले के अंदरूनी इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा सकती है।

मितानिनों के एक साथ हड़ताल पर चले जाने से गांवों में लोगों को प्राथमिक उपचार की दवाई नहीं मिल पाएगी। धरना प्रदर्शन पर बैठी मितानिनों का कहना है कि उनको एनएचएम बनाया जाए। एसएचआरसी एनजीओ के साथ उनके काम करने की जो बाध्यता है उसे भी खत्म किया जाए। मितानिनों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

सुकमा जिले की करीब एक हजार से ज्यादा मितानिन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गई हैं। प्रदर्शनकारी मितानिनों का आरोप है कि जिस एनजीओ के साथ मिलकर वो काम करती हैं वो उनका शोषण कर रही है। मितानिनों का कहना है कि उनके 20 सालों के एक्सपीरियंस के आधार पर उनको एनएचएम में संविलियन किया जाना चाहिए। लेकिन शासन द्वारा मितानिनों की मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया जा रहा है।

# विश्वविद्यालय के नए कैम्पस में योग व ध्यान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कालीपुर स्थित न्यू कैंपस के बीएड भवन में शनिवार को योग व ध्यान का निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ। यह शिविर हर शनिवार और रविवार को सुबह सात से पौने आठ बजे तक आयोजित होगा। प्रथम 25 मिनट शारीरिक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न आसन कराए जाएंगे और फिर 20 मिनट मानसिक स्वास्थ्य के लिए ध्यान कराए जाएंगे। इसका लाभ विवि के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी के अतिरिक्त आसपास के आम जन भी ले सकते हैं।

शुभारंभ अवसर पर कुलपति प्रो एमके श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को कक्षा में एकाग्र बने रहने के लिए मन और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है। योग और ध्यान इसका सर्वोत्तम उपाय है।

योग व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है। व्यक्ति के मन में एक साथ कई विचार चलते रहते हैं। इसके कारण मन में अशांति पैदा होने लगती है। नियमित रूप से योग करने से इन समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। शिविर में प्रेमजीत निराला, डॉ. आरके खरबार और शैली पटेल, शुभम सिंह और निखिल कुमार प्रशिक्षण देंगे। प्रथम दिन विभिन्न कक्षाओं के अतिथि व्याख्याता और विद्यार्थी शिविर में शामिल हुए। समय-समय पर बाहर के योग और ध्यान प्रशिक्षण विषेषज्ञ को भी आमंत्रित किया जाएगा। ज्ञात हो कि गत दिनों अंतरमहाविद्यालीयन युवोत्सव में विधायक किरण सिंह देव ने विवि में योग और ध्यान क्लब का उद्घाटन किया था।

## छेड़छाड़ के आरोप में लेखापाल गिरफ्तार, कलेक्टर ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के आदेशानुसार जिला चिकित्सालय सुकमा के लेखापाल दीपक सिंह सेंगर को भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत महिला से छेड़छाड़ प्रकरण में गिरफ्तार किये जाने के फलस्वरूप, छग सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के उपनियम 9 के तहत पुलिस अभिरक्षा में निरुद्ध किये जाने एवं शासकीय सेवकों के अशोभनीय व्यवहार के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जारी आदेशानुसार निलंबन अवधि में सेंगर को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी एवं उनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छिंदगढ़ नियत किया गया है।

# जिले में 78 हजार मेट्रिक टन से ज्यादा धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत अब तक 78 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई है। वहीं उपार्जित धान का उठाव सुनिश्चित किया जा रहा है। वर्तमान में 50 धान खरीदी केन्द्रों का करीब 18 हजार मेट्रिक टन से अधिक धान के परिवहन हेतु आदेश जारी किया जा चुका है।

■ किसानों से धान खरीदी हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की

साथ ही अब तक 3 हजार मेट्रिक टन से ज्यादा धान का उठाव किया जा चुका है। ज्ञात हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत मोटा धान 2300 रुपए प्रति क्विंटल और पतला धान 2320 प्रति क्विंटल की दर से खरीदी किया जा रहा है। इस वर्ष समूचे प्रदेश के सभी जिलों में 14 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ हुई है।

जिले में कुल 79 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत कृषकों से धान ख़रीदी किया जाना है। इस वर्ष लघु एवं सीमांत कृषकों को दो टोकन और बड़े कृषकों को तीन टोकन का प्रावधान है। टोकन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यम से किसानों को प्रदान किया जा रहा है। कृषक ऐप टोकन तुंहर हाथ के मध्यम से भी कृषक स्वयं टोकन जारी कर सकते हैं।

सभी उपार्जन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मॉइस्चर मीटर, बॉयोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध है। सभी धान खरीदी केंद्रों में नये और पुराने बारदानों की पूरी व्यवस्था की गई है। कृषकों की सुविधा हेतु सभी उपार्जन केंद्रों में छाया और पेयजल, शौचालय तथा बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। खाद्य अधिकारी जगदलपुर ने बताया कि जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों का नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित तौर पर निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही अन्य अधिकारियों द्वारा धान खरीदी की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन सभी धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को धान उपार्जन हेतु पर्याप्त बारदाने की उपलब्धता सहित तौल की व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है।

जिले के 79 उपार्जन केन्द्रों में 78910 मेट्रिक टन धान का उपार्जन कार्य किया जा चुका है। साथ ही इन धान खरीदी केन्द्रों से 16 दिसम्बर तक 50 उपार्जन केन्द्रों से 18393 मेट्रिक टन धान का परिवहन आदेश जारी किया जा चुका है, जिसके विरुद्ध 24 उपार्जन केन्द्रों से परिवहनकर्ताओं द्वारा करीब 3 हजार मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है और अन्य केन्द्रों से भी निरंतर धान का उठाव कर जिले के धान संग्रहण केन्द्र नियानार एवं छोटेदेवड़ा में भण्डारण किया जा रहा है।

# मुर्गा लड़ाई देखने गए ग्रामीण का अज्ञात लोगों ने रेता गला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र निवासी ग्रामीण की अज्ञात लोगों ने गला रेंतकर हत्या का प्रयास किया।

■ गंभीर स्थिति में डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में किया गया भर्ती

ग्रामीण पर हमला कर हमलावार उसे अधमरा छोड़कर फरार हो गए। घायल ग्रामीण को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी देते हुए मेकाज में मौजूद गंभीर रूप से घायल रति राम की बेटी मल्लिका ने बताया कि पिता रविवार को गीदम बाजार में मुर्गा लड़ाई देखने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान देर शाम वापसी के दौरान अज्ञात हमलावरों ने मुर्गाबाजार में मौजूद लोगों ने सामने से उनके गले को काट दिया। हमले में रतिराम को लहूलुहान हालात में देख गाव के सरपंच ने पुलिस के साथ ही परिजनों को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुँची पुलिस द्वारा घायल को गीदम अस्पताल ले जाया गया जहाँ से उसकी खराब हालत को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर कर दिया गया जाहं उसका उपचार जारी है। अचानक हुए हमले से बाजार में भगदड़ मच गया और कुछ ही देर में बाजार खाली हो गया इस हमले से गीदम समेत आसपास के क्षेत्र में दहशत देखी जा रही है। घटना के बाद गीदम पुलिस मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश तेज कर दी है।

मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है लेकिन अब तक हमलावरों का पता नही लग सका है। बहरहाल गंभीर रूप से घायल रतिराम की स्थिति स्थिर है ओर उसका डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी है।

### प्रेशर आईईडी ब्लास्ट में ग्रामीण की मौत



**गीदम।** इंद्रावती नदी पार स्थित माड़ इलाके में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से कोसलनार निवासी एक ग्रामीण की मौत हो गई। बताया जाता है कि नक्सलियों ने फोर्स को नुकसान पहुंचाने की नीयत से यह आईईडी कोहकाबेड़ा की पहाड़ी पर प्लांट किया था। मिली जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा के बारसूर थाना क्षेत्र के कोसलनार निवासी 35 वर्षीय मनारु अकाली बांस लेने के लिए कोहकाबेडा पहाड़ पर गया हुआ था। तभी नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में पैर लगने से ब्लास्ट हो गया।

## शालाओं में अर्धवार्षिक परीक्षा आरंभ...



भोंड। शीतकालीन अवकाश से पहले ही सभी शालाओं में अर्धवार्षिक की परीक्षाएं आरंभ हो गई है। बस्तर विकासखंड में कुल 539 शालाओं में यह परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी देखरेख के लिए विकासखंड के 61 संकुल समन्वयक सभी शालाओं में समय पर प्रश्न पत्र उपलब्ध करा दिए हैं। अर्धवार्षिक परीक्षा में शाला में दर्ज कोई भी छात्र-छात्रा परीक्षा से वंचित न रह जाए इसको लेकर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी समन्वयक को निर्देशित करते हुए कहा है कि किसी भी स्थिति में शाला में दर्ज बच्चे परीक्षा से वंचित न रह पाए इसको लेकर विशेष ध्यान देने निर्देश दिया है। साथ ही सभी प्रधान पाठकों को भी अवगत कराने निर्देशित किया गया है।

## पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण होगा आज

हरिभूमि न्यूज : सुकमा

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993, छत्तीसगढ़ पंचायत उपसरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन नियम, 1995 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के प्रावधानों के तारतम्य में जिले के जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन और आरक्षण के लिये नियमानुसार कलेक्टर सुकमा के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

ग्राम पंचायतों के सरपंचों, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष-सदस्यों एवं जिला पंचायत सुकमा के सदस्यों का प्रवर्गवार आरक्षण एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन, आरक्षण जिला पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में 17 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इसी तरह से जनपद पंचायत सुकमा अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्ड का प्रवर्गवार आरक्षण एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों का आबंटन जनपद पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में 17 दिसंबर प्रातः 11 बजे से, जनपद पंचायत कोन्टा अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्ड का प्रवर्गवार आरक्षण एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन जनपद पंचायत कोन्टा के सभाकक्ष में 17 दिसंबर दोपहर 2 बजे से, जनपद पंचायत छिंदगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्ड का प्रवर्गवार आरक्षण एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों आबंटन-आरक्षण जनपद पंचायत छिंदगढ़ के सभाकक्ष में 17 दिसंबर दोपहर 2 बजे से किया जाएगा।

# नवीन आचार्यों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एकल अभियान अंतर्गत अंचल दंतेवाड़ा के नवीन आचार्यों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को गीदम ब्लॉक के सरस्वती शिशु मंदिर हीरानार में शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जितेन्द्र चौहान खंड स्त्रोत समन्वयक गीदम के करकमलों से हुआ। उदघाटन सत्र में संभाग जागरण शिक्षा सदस्य ललित दानी शिशु मंदिर प्राचार्य एवं एसएसपीएम बीजापुर अनिता शोरी, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी अंकित गुप्ता, महिला प्रमुख पार्वती परिहार, एसएसपीएम प्रभारी विनीता देशमुख, संस्कार शिक्षा सचिव प्रशांत शिवहरे, एसएसपीएम प्रीतम कौर, अभियान प्रमुख रामाधर कश्यप, अंचल कार्यकर्ता बिजलुराम, दशमु, गीदम संच प्रमुख जयराम, सुकमा संच प्रमुख किशोर पाण्डेय, तोंगपाल संच प्रमुख कालीसिग और जिले अन्य 9 संच से आये नवीन आचार्य उपस्थिति रहे।




# कन्या पॉलिटेक्निक में सुशासन जानकारी पखवाड़ा मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में सुशासन जानकारी पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया है, जो 9 से 20 दिसंबर तक चलने वाले पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जन जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के मुर्ति में पुजन व दीपमाला जलाकर किया और एक विडिओ दिखाई गई जिसमे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सभी योजनाओं दिखाया गया है जो जनता के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों विशेषकर महिलाओं, किसानों, युवाओं, और गरीबों को लाभ पहुंचाना है। डॉ. नमिता अगरकर, हेमचंद्र देवांगनने भी मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री की अन्य जनहितकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल एस. के. त्रिवेदी ने कहा कि इस प्रकार समस्त योजना का लाभ उठाने के प्रेरित किया एवं जागरूकता फैलाने को कहा। सुषमा देवांगन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन एंजलिन मैथ्यू एवं विनीता जैन ने किया। इस कार्यक्रम में समस्त छात्राओं और स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### 5 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** लोन वर्राटू अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत 5 लाख की इनामी नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है। महिला माओवादी केरलापाल एरिया कमेटी सदस्य, नागाराम एलओएस कमाण्डर हड़मे माड़वी पिता स्व. हुर्रा माड़वी उम्र लगभग 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी छोटेलखापाल थाना कुकानार जिला सुकमा ने 16 दिसम्बर को डीआरजी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादी को पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार रूपये की सहायता राशि के साथ छग शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें मुहैया कराई जाएगी तथा समाज में पुनर्वासित करने हेतु प्रोत्साहन आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुये व्यवसायिक प्रशिक्षण और आवास की सुविधायें भी प्रदाय की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### उच्च प्राथमिक शालाओं के लिए प्रशिक्षण में दी जानकारी

**कांकेर।** उच्च प्राथमिक शाला के इको क्लब नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित करने हेतु जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण बीआरसी कार्यालय समग्र शिक्षा कांकेर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर जिला मिशन समन्वयक रवि मिश्रा एवं एपीसी दिनेश नाग ने प्रशिक्षण के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मानव समाज के लिए प्लास्टिक का उपयोग से होने वाले नुकसान तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने जिला स्तर के सभी मास्टर ट्रेनर्स को अपने विकासखंडों में बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विकासखण्ड स्तर के सभी बीआरजी को विकासखण्ड स्तर पर यूथ एवं इको क्लब का प्रशिक्षण कार्यक्रम को और बेहतर ढंग से करने का आग्रह किया। साथ ही प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षकों को पोषण वाटिका स्थापित करने और प्लास्टिक के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास करने की भी अपील की।

### ग्राम पंचायतों को मूलभूत कार्यों के लिए3 करोड़ से अधिक की राशि जारी

**कांकेर।** जिले की ग्राम पंचायतों को मूलभूत कार्यों हेतु अनुदान मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए द्वितीय किश्त 03 करोड़ 16 लाख 37 हजार रूपएं का आबंटन प्राप्त हुआ है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीश मंडावी ने बताया कि प्राप्त आवंटन की राशि जिले की 454 ग्राम पंचायतों के लिए जारी की गई है। उन्होंने बताया कि जिले की अंतागढ़ जनपद पंचायत की 56 ग्राम पंचायतों के लिए 37 लाख 12 हजार 984 रूपएं, भानुप्रतापपुर की 52 ग्राम पंचायतों हेतु 39 लाख 88 हजार 622 रूपएं, चारामा की 64 ग्राम पंचायतों के लिए 42 लाख 33 हजार 509 रूपएं, दुर्गूकोंदल की 44 ग्राम पंचायतों हेतु 32 लाख 35 हजार 52 रूपएं, कांकेर की 64 ग्राम पंचायतों के लिए 41 लाख 76 हजार 957 रूपएं, कोयलीबेड़ा की 103 ग्राम पंचायतों हेतु 73 लाख 93 हजार 355 रूपएं और जनपद पंचायत नरहरपुर की 71 ग्राम पंचायतों के लिए 48 लाख 96 हजार 521 रूपएं की राशि जारी की गई है।

### नेशनल लोक अदालत में 13 हजार से अधिक प्रकरणों का त्वरित निराकरण

**कांकेर।** जिला न्यायालय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 13 हजार 20 प्रकरणों का तात्कालिक रूप से निराकरण किया गया और आमजन को राहत दिया गय। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार कांकेर में शनिवार 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, इसके लिए जिला न्यायालय कांकेर में 05 खण्डपीठ, भानुप्रतापपुर में 02 एवं पखांजूर में 01 इस प्रकार कुल 08 खण्डपीठ का गठन किया गया था। खण्डपीठ क्रमांक 01 में आनंद कुमार ध्रुव प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डपीठ क्रमांक 02 में रमाशंकर प्रसाद न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायाधीश, खण्डपीठ क्रमांक 03 में लीना अग्रवाल प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खण्डपीठ क्रमांक 04 में भुपेन्द्र कुमार वासनीकर प्रथम सिविल जज सीनियर डिवीजन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कांकेर, खण्डपीठ क्रमांक 05 में अम्बा शाह द्वितीय सिविल न्यायाधीश सीनियर डिवीजन बनाया गया है।

# विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिया परख कार्यक्रम, बच्चों का लिया जा रहा मॉंक टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ राज्य हमेशा से शिक्षा के नए-नए प्रयोगों को उत्साहपूर्वक अपनाता है। इसी तारतम्य में परख कार्यक्रम की संकल्पना हुई तो इसे भी यहाँ हाथों-हाथ लिया गया। इसके अतर्गत बच्चों का हर सप्ताह शनिवार के दिन मॉंक टेस्ट होता है, जिसमें कक्षा तीसरी, छठवीं और नौवी के बच्चे शामिल होते हैं। मॉंक टेस्ट के पश्चात उनका बेसलाइन परिणाम ऑनलाइन सबमिट किया जाता है।

भानुप्रतापपुर विकासखंड के संकुल सम्बलपुर शासकीय कन्या पूर्व मा. शाला सम्बलपुर में भी परख का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। परख कार्यक्रम में कक्षा छठवीं के बच्चों के द्वारा आंकलन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को चुनौती 2024 भी कहा जा रहा है। माध्यमिक विद्यालय में छात्राएँ शुरूआत में ओएमआर शीट में अपनी जानकारी रोल नंबर आदि और उत्तर दर्ज करने में कठिनाई महसूस करती थीं, क्योंकि उनका अभ्यास पारंपरिक रूप से कागज पर उत्तर लिखने का था। उल्लेखनीय है कि ओएमआर शीट में उत्तरों की जाँच मैनुअल नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक तरीके से की जाती है और यह बड़ी परीक्षाओं में उत्तर जाँचने की आधुनिक प्रौद्योगिकी है। अब बार-बार अभ्यास के बाद छात्राएँ ओएमआर के प्रति सहज हो पाई हैं। इसी तरह धीरे-धीरे परीक्षा के आधुनिक और राष्ट्रीय स्तर पर मानक तरीकों के अनुरूप अपनी क्षमताएँ विकसित करेंगी और सभी प्रकार की परीक्षा संबंधी चुनौतियों के लिए तैयार हो रही हैं।

## बेसलाइन परिणाम ऑनलाइन किया सब्मिट




### लड़का और लड़कियों के नंबर अलग-अलग

*गूगल फॉर्म भरते समय ब्लाक का नाम, संकुल का नाम, स्कूल यू डाइस कोड, नोडल आफिसर चुनौती 2024 का नाम, उनका मोबाइल नंबर और प्रायमरी स्कूल में कक्षा 3, मिडिल स्कूल में कक्षा 6, हाईस्कूल में कक्षा 9 के बच्चे तथा क्लास के बच्चों की संख्या दर्ज की जाती है, जिसमें लड़के और लड़कियों की अलग अलग संख्या लिखनी होती है। फिर 1 से 20 अंक तक के प्राप्तांक वाले बच्चों की संख्या लिखनी होती है तथा 21 से 40 तथा 41 से 60 नंबर लाने वाले बच्चों की संख्या लड़कियों और लड़कों के नंबर के लिए अलग -अलग कालम और लड़कों, लड़कियों की संख्या के लिए अलग-अलग कालम में नंबर भरने होते हैं। तत्पश्चात अंतिम कॉलम में पूरे बच्चों लड़के एवं लड़कियों के अलग-अलग के नंबर 1 से 60 तक भरना होता है।*

प्रशिक्षण : 21 प्रकार की दिव्यांगता को चिन्हांकन करने जानकारी दी गई

# शिक्षकों एवं दिव्यांग बच्चों के पालकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर



समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत जिले के चिन्हांकित शालाओं के प्राचार्य, व्याख्याता, प्राथमिक और माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक, शिक्षकों एवं दिव्यांग बच्चों के पालकों के लिए जिला स्तरीय क्षमता निर्माण उन्मुखीकरण कार्यशाला 13 और 14 दिसंबर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजन किया गया।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, सीईओ जिला पंचायत हरेश मंडावी व जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण की शुरूआत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मॉ सरस्वती के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्जवलीत कर किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन जिले के 60 प्राचार्य व व्याख्याता, 62 प्राथमिक व माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक शामिल हुए। द्वितीय दिवस में प्राथमिक व माध्यमिक शाला के शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं 62 दिव्यांग बच्चों के पालक शामिल हुए एवं साथ ही गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों के 43 पालको को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ देने, शालाओं में अपने सहपाठियों के साथ एक समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करना व शिक्षकों, पालकों, सहपाठियों के बीच शालाओं में बिना किसी भेदभाव के क्षमता निर्माण कर सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों का अध्यापन पीयर ग्रुन बनाकर आवश्यक सहयोग प्रदान करना, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 एक्ट के तहत 21 प्रकार के दिव्यांगता का चिन्हांकन करने दिव्यांगता की जानकारी दिया गया।

गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहें बच्चों के पालको को दैनिक जीवन क्रियाकलाप के संबंध में आवश्यक जानकारी दिया गया व स्पीच व फिजियों थैरेपी के बारे में सभी पालको को जानकारी दिया गया। साथ ही समावेशी शिक्षा के माध्यम से समाज के मुख्यधारा से जोड़ने, दिव्यांग बच्चों को शाला में आ रहे समस्याओं का निंदान, बच्चों को मिलने वाली सुविधाऐं के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स दीपक सोनवानी, सरोज पाण्डेय, रेखा खण्डुरी, शैलेन्द्र साहू, यूपेन्द्र कस्तुरे उपस्थित रहें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला मिशन समन्वयक रविप्रकाश मिश्रा उपस्थित रहें और सभी प्रतिभागीयों को कहा की प्रशिक्षण में सीखे बातों को ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग बच्चों व पालकों तक पहुचाए व कोई भी दिव्यांग बच्चें शासन के योजना से छुटे नही। सभी को एक समान अधिकार मिलें साथ ही 21 प्रकार के दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन करने व शासन के सभी योजनाओं को बच्चों का पहुंचाना ही इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्वेश्य है।

# खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण में छात्रों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर




इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ और भारत सरकार के एमएसएमई के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में छात्राओं के लिए चार दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण 16 दिसबंर को आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए एमएसएमई से आए आनंद राव ने बताया कि छात्राएं यदि इस कार्यक्रम का पूरा लाभ लेते हुए अगर अच्छे से सारी विधियां सीख जाती हैं तो इसके व्यवसाय से जुड कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकती हैं। उन्हें नौकरी की तलाश में यहां वहां भटकने की आवश्यकता नहीं। संस्था प्रमुख जेके बारले ने कहा कि छात्राओं को इस कार्यक्रम का पूरा लाभ उठाना चाहिए। गृह विज्ञान विभागागाध्यक्ष डा तरन्नुम ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं को कई प्रकार के शरबत, कतरी, पेठा, टोमेटो सास, टोमेटो प्यूरी, सीताफल और मिक्स फ्रूट जेम आदि बनान सिखाया जाएगा और साथ ही लहसुन पेस्ट, प्याज पेस्ट, इमली चटनी, मटर बाटलिंग, जेली, पेडा आदि बनाने की विधि से छात्राओं को प्रायोगिक रूप से अवगत कराया जाएगा। प्रशिक्षण उद्घाटन के अवसर पर खाद्य प्रसंस्करण विभाग के प्रशिक्षक बाई ठाकुर, एमएसएम के आनंद राव, प्रोफेसर बी. समुन्द, सुनील कुमार साहू, मनोज कुमार, योगराज साहू, आरती मरकाम, रश्मि नाग, दीप्ति सोनी, मुमताज, किशोर, गुणवान सिंह जांगडे सहित छात्राएं उपस्थित रहे।

> ■ कन्या महाविद्यालय में चार दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

### लाला जगदलपुरी की जयंती आज मनाएंगे

**जगदलपुर।** बस्तर के लोक कवि लाला जगदलपुरी की जयंती पर 17 दिसम्बर को लाला जगदलपुरी की 105 वीं जयंती मनाई जाएगी। लाला जी की साहित्यिक धरोहर में से बस्तर इतिहास एवं संस्कृति, बस्तर लोक संस्कृति लोक कला संस्कृति प्रसंग बस्तर की लोकोक्तियां, आंचलिक कविताएं, जिंदगी के लिए जूझती गज़लें, हल्बी लोक कथाएं, वन कुमार और अन्य लोक कथाएं, मिमियाती जिंदगी दहाड़ते परिवेश प्रमुख हैं।

# बस्तर ओलंपिक में कांकेर जिले ने किया शानदार प्रदर्शन एवं सर्वाधिक पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर



बस्तर ओलम्पिक 2024 के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 दिसम्बर तक इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम जगदलपुर में किया गया, जिसमें संभाग स्तरीय प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कांकेर जिले के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पदक प्राप्त किया है।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि खो-खो बालिका जूनियर प्रथम, खो-खो बालिका सीनियर प्रथम, खो-खो बालक जूनियर द्वितीय, खो खो बालक सीनियर प्रथम, कबड्डी जूनियर बालिका प्रथम, कबड्डी सीनियर बालिका द्वितीय, कबड्डी जूनियर बालक प्रथम, कबड्डी सीनियर बालक तृतीय एवं रस्सा कस्सी महिला प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार भारोत्तोलन जूनियर (बालिका वर्ग) 45 किलो वजन वर्ग में खुशबू ठाकुर 49 किग्रा वर्ग और 55 किग्रा में शांता यादव को रजत पदक प्राप्त किया। सीनियर (बालिका वर्ग) में प्रीति मरकाम स्वर्ण पदक, मेघा यादव रजत पदक, जूनियर (बालक वर्ग) में अमन पोटाई को कांस्य पदक और पुलस्त साहू को रजत पदक तथा सीनियर (बालक वर्ग) में लक्ष्य सिन्हा को स्वर्ण पदक व चेतन पटेल रजत पदक प्राप्त किया। कराते जूनियर वर्ग (14 से 17 वर्ष) में राहुल शोरी, मनीषा यादव, पूर्वी शोरी और अंजली वट्टी ने सिल्वर, त्रिदेव वट्टी, सुनील उईके, डिकेश्वरी भास्कर ने ब्रोंज पुरस्कार प्राप्त किया। गोला फेंक जूनियर बालक वर्ग तृतीय और जूनियर बालिका द्वितीय, बैडमिंटन में सीनियर महिला तृतीय और जूनियर पुरुष तृतीय, बैडमिंटन डबल्स जूनियर वर्ग बालक द्वितीय, बैडमिंटन एकल बालक जूनियर तृतीय, 100 मीटर दौड़ सीनियर महिला तृतीय 200 मीटर दौड़ सीनियर महिला प्रथम, रिले रेस महिला सीनियर द्वितीय, 100 मीटर दौड़ बालक सीनियर प्रथम, 200 मीटर दौड़ बालक सीनियर द्वितीय, रिले रेस बालक सीनियर तृतीय, सीनियर महिला 400 मीटर दौड़ प्रथम, तवा फेंक सीनियर बालक द्वितीय, गोला फेंक जूनियर वर्ग बालिका प्रथम, लंबी कूद जूनियर वर्ग बालक प्रथम, ऊंची कूद जूनियर वर्ग बालक द्वितीय, सीनियर वर्ग बालिका ऊंची कूद तृतीय और सीनियर वर्ग बालिका गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# युवा उत्सव में युवकों ने संगीत, साहित्य रंगमंच और चित्रकला में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्गुकोंदल



शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्रियां प्राप्त करना ही नहीं है, बल्कि युवाओं को संस्कारवान, चरित्रवान एवं बहुमुखी प्रतिभा का धनी बनाना भी है। उच्च शिक्षा का एक उद्देश्य यह भी है कि देश के युवाओं के व्यक्तित्व के बहिर्मुखी विकास के लिए अनुकूल अवसर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाएं।

> ■ शिक्षा के उद्देश्य मात्र डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि संस्कारवान, चरित्रवान होकर देश की सेवा करना है

विकासखंड दुर्गुकोंदल में 16 दिसंबर को जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल सीईओ सुरेन्द्र बंजारे, खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, स्त्रोत समंवयक लतिप सोम, आरके किशोर, आर डी ठाकुर व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में युवा उत्सव का शुभारंभ मॉ सरस्वती व युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर किया गया। छत्तीसगढ़ में सांस्कृतिक कैलेंडर के अनुसार छात्र-छात्राओं में संगीत साहित्य रंगमंच चित्रकला एवं वास्तुकला आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिता से युवाओं में सृजनात्मकता का विकास होता है। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संवर्धित करते हैं। विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में और जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी संभाग स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में और वहां से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं मैं सहभागिता सुनिश्चित होती है।

इस प्रकार विकासखंड दुर्गुकोंदल में युवा उत्सव की विभिन्न सांस्कृतिक बौद्धिक विधाओं में भागीदारी कर छात्र-छात्राएं अपनी श्रेष्ठ से श्रेष्ठतम अभिरुचि और कला क्षमताओं का प्रदर्शन और विकास करते हुए विज्ञान मेला(एकल) में प्रथम परीक्षित बैरागी सेजेस दुर्गुकोंदल, द्वितीय जीवन नरेटी शा हाई स्कूल डांगरा, विज्ञान मेला (समूह) में प्रथम काजल, लीना, रीना शाहासे विद्यालय आमाकडा, द्वितीय राहुल व बीरेंद्र सेजेस दुर्गुकोंदल, कहानी लेखन में प्रथम मनीषा नेताम, शाउमा विद्यालय कोदापाखा, द्वितीय प्रियणि नेताम सेजेस दुर्गुकोंदल, चित्रकला में प्रथम पूनम लाल घुमरा शासकीय हाई स्कूल आमागढ़, द्वितीय लक्ष्मी कोठेवार शादकीय कन्या आवादीय विद्यालय दुर्गुकोंदल, तात्कालिक भाषण में प्रथम पायल जैन शाउमा विद्यालय मेडो, द्वितीय मौसमी जैन शाउमा विद्यालय दमकसा, लोकगीत (एकल) में प्रथम जागेश्वरी शादकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय कोदापाखा, द्वितीय लीजा बेलझरिया शाउमा विद्यालय तरहुल, लोकगीत (समूह) में प्रथम कोंडे, नृत्य (समूह) में प्रथम गोटूलमुंडा, द्वितीय कोंडे, हस्तकला में प्रथम लीलेश्वरी पटेल व अनिता पटेल शासकीय हाई स्कूल आमागढ़, द्वितीय उमेश कुमार उसेंडी ने अपना स्थान सुरक्षित किया।

### आत्मानंद कालेज में हुई मेहंदी स्पर्धा



**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 16 दिसबंर से वार्षिकोत्सव का शुभारंभ विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से किया, जिसमें रचनात्मक लेखन विषय वर्तमान शासन के सुशासन पर तथा मेंहदी प्रतियोगीता एवं सलाद प्रतियोगीता का आयोजन किया गया। रचनात्मक लेखन के प्रतिभागियों के नाम लेखन लाल साहू, अदित्य नामदेव, सन्नी ठाकुर तथा जीनत सामी है। मेंहदी प्रतियोगीता में तृप्ति साहू, जीनत सामी, योगिता शोरी व जायना बानो ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सलाद प्रतियोगीता में भाग लेने वाले योगिता शोरी एवं पुष्पांजलि साहू प्रतिभागी रहे।

# रासेयो स्वयंसेवकों के रचनात्मक कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता




हरिभूमि न्यूज ▶▶|सरोना

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आयोजन शासकीय नवीन महाविद्यालय नरहरपुर द्वारा ग्राम पंचायत सुरही में किया गया। शिविर के समापन पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संतराम मरकाम रहें और कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच चैन सिंह शोरी ने किया।

जनपद सदस्य ने कहा कि स्वयं सेवकों द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों और ग्राम पंचायत के विकास में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा। एनएसएस के उद्देश्यों और ग्रामीण समाज में उनके योगदान की महत्ता को और भी स्पष्ट किया है। सभी सहभागियों ने मिलकर इस अवसर को यादगार और प्रेरणादायक बनाया, इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों बधाई दी और कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा और देश सेवा में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पटेल धनीराम मरकाम, संतोष निषाद, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी बी कैमरो, टेश्वर निषाद, देवेश निर्मलकर, भक्त प्रहलाद, विनय सिन्हा, गीतेश, अजय, महादलनायक डोमेश्वर, महादलनायिका गिरजा, प्रतिमा, उदय, तामेश्वर, तबस्सुम, कामना, भवानी, किरण, मंजू, आरती सहित अन्य सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहें।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025 10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511